निगम भिलाई द्वारा 4 अतिरिक्त पानी टंकियो का निर्माण किया गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वृहद पेयजल योजना के अंतर्गत सभी नागरिको तक स्वच्छ पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। ऐसा सर्वे में आया था कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र के कुछ कालोनीयो एवं बस्तीयो में पानी का प्रेशर कम रहता है। उसी के निदान के लिए निगम द्वारा 4 अतिरिक्त पानी टंकियो का निर्माण किया गया है। जहां पर अतिरिक्त पानी है उस पानी की सप्लाई इन टंकियो में किया जायेगा। जिससे इन टंकियो के माध्यम से जहां पानी का प्रेशर कम रहेता है वहां पर सुचारू रूप से सप्लाई हो सके। इस सप्लाई के लिए पुराने सप्लाई के पाइप लाइन को नई टंकी से जोड़ने के लिए पाईप लाईन बिछाने हेतु, महापौर परिषद के समक्ष 5.42 करोड़ का प्रस्ताव आया था, महापौर परिषद ने एक स्वर में इस प्रस्ताव को पारित किया, महापौर नीरज पाल ने खुसी व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमारे भिलाई शहर के उन वार्डो में भी पानी मिल सकता है जिन वार्डो में पानी का प्रेशर हमेशा कम रहता है। हम सब का यही उददेश्य है सब को शुद्व पीने एवं निस्तारी का पानी पर्याप्त मात्रा में मिले।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, आदित्य सिंह, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लाल चंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, नेहा साहू नगर निगम भिलाई की आयु देवेश कुमार ध्रुव अपर आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी उपयुक्त नरेंद्र बंजारे अधीक्षण अभियंता जल संजय शर्मा एवं सभी जोन के जोन आयुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुआ।